तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 2 जनवरी 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 लोगों ने महामाया मंदिर सहित अन्य शक्तिपीठों में की पूजा-अर्चना



## खबर संक्षेप

### बदली हवा की दिशा, 2 डिग्री गिरा रात का पारा

**अम्बिकापुर।** लम्बे समय तक ठंड से राहत देने के बाद साल के अंतिम दिन हवा की दिशा बदल गई है रात का तापमान सामान्य स्थिति में पहुंच गया है। मौसम में आए बदलाव के कारण रात के तापमान में 2.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले चार-पांच दिनों से उत्तर पूर्व की हवाएं चलने के कारण रात के तापमान में लगातार वृद्धि होने के कारण ठंड से राहत थी। इस दौरान रविवार को न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। दिन का तापमान भी बढ़ रहा था।
रविवार को मौसम कार्यालय द्वारा अधिकतम तापमान 25.0 डिग्री रिकार्ड किया गया था। रविवार को शाम में अचानक हवा की दिशा बदल उत्तर-पूर्व से उत्तर की हो गई। शाम को उत्तर की सर्द हवाएं पहुंचने के कारण अचानक कनकनी युक्त ठंड पड़ने लगी वही सोमवार को रात का तापमान 10.4 डिग्री से गिरकर 8.4 डिग्री पहुंच गया। सर्द हवाओं के प्रभाव से दिन के तापमान में भी 0.6 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। इधर एक पछुआ विक्षोभ की तेजी से आगे बढ़ रहा है। मौसम अधिकारी दो दिनों में विक्षोभ का प्रभाव पहुंचने एवं विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम में बदलाव होने एवं ताकतवर विक्षोभ के प्रभाव से बूंदाबांदी होने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से एक बार फिर हवा की दिशा में बदलाव होगा साथ ही तापमान में फिर से वृद्धि होगी। विक्षोभ के प्रभाव से बूंदाबांदी होने के उपरांत एक फिर मौसम में बदलाव होने के साथ ठण्ड का पलटवार होगा।

### चौक-चौराहों पर ट्रक-बस खड़ी कर जताया विरोध

# नए मोटर व्हीकल एक्ट के खिलाफ थमे ट्रकों यात्री वाहनों के पहिए, चालकों ने किया आंदोलन



प्रदर्शन करते वाहन चालक।



सड़क किनारे वाहनों की कतार।

#### उत्पन्न हुई विवाद की स्थिति

आज अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे ट्रक व बस चालकों ने अन्य वाहन चालकों को भी अपनी हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया था। इस दौरान कई वाहन चालक हड़ताल में शामिल नहीं हुए। हडताल में शामिल नहीं होने वाले वाहन चालकों को रोककर उन्हें प्रदर्शन में शामिल कराया गया। इस दौरान भारत माता चौक सहित अन्य स्थानों पर विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हुई। कई चालक हड़ताल में शामिल नहीं हुए जिससे तना तनी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नए मोटर व्हीकल एक्ट में किए गए कड़े प्रावधानों को लेकर आज चालकों के आक्रोश भड़क उठा। बस, ट्रक के साथ ही ऑटो चालकों ने आज एक दिवसीय हड़ताल कर नए कानून के खिलाफ अपना विरोध जताया। बड़ी बात यह है कि इस हड़ताल का सीधा असर आम नागरिकों पड़ पड़ा है। हड़ताल के कारण बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन तक यात्री वाहनों के पहिए थम गए जबकि प्रमुख चौकों पर ट्रैक चालकों ने अपने वाहन खड़े कर विरोध जताया। इस दौरान ट्रक चालकों ने पुराने नियम को ही यथावत रखने की मांग की है। हड़ताल के कारण तीन जनवरी तक बस सुविधा प्रभावित होने की बात भी कही जा रही है। बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव कर कड़े प्रावधान किए गए है। आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं व मौतों पर लगाम लगाने के लिए सरकार द्वारा नए कानून लाए गए है ताकि वाहनों की रफ्तार कम कर होने वाली घटनाओं को रोका जा सके लेकिन बताया जा रहा है कि इस नए कानून में सड़क दुर्घटना होने पर वाहन चालकों ओर हिट एंड रन का केस दर्ज कर 10 साल की सजा के साथ ही 7 लाख रुपए तक के जुर्माना का प्रावधान किया गया है। यही वजह है कि इस कानून का जगह जगह विरोध किया जा रहा है। कानून को लेकर बलरामपुर व सुरजपुर जिले में ट्रक चालकों द्वारा विरोध दर्ज कराया जा चुका है जबकि आज सरगुजा जिले में वाहन चालकों के विरोध देखने को मिला। सुबह 5 बजे से ही ट्रक, बस व ऑटो चालकों ने अपने वाहनों की स्टेयरिंग छोड़ दी और वाहनों को सड़क पर ही खड़ा छोड़कर आन्दोलन में उतर आए। ट्रक व बस चालकों का कहना है कि कोई भी ट्रक व बस चालक तीन से चार सौ रुपए की नौकरी कर सात से दस लाख रुपए का भुगतान करने के लिए सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि नया कानून वापस लिया जाए और पिछला कानून यथावत रहे।

#### खास बात

- यात्रियों को करना पड़ा परेशानियों का सामना, जताई नाराजगी

#### चौक-चौक पर खड़े किए भारी वाहन, लगा जाम

साल के पहले दिन इस कानून के विरोध में ट्रक चालकों ने सुबह 5 बजे भोर से ही अपना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान शहर के बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, गांधी चौक, बनारस रोड सहित अन्य स्थानों पर ट्रक को बीच में खड़ा कर दिया जिसके बाद सड़क पर भारी वाहनों की कतार लग गई। ट्रक चालकों ने शहर में जगह जगह विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही कानून के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासनिक टीम द्वारा समझाइस देकर मामला शांत कराया गया लेकिन इस दौरान लगभग 7 घंटे तक सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही।

#### यात्री दिनभर रहे हलाकान

आज चालकों की हड़ताल के कारण यात्री बसों के पहिए भी थमें रहे। इस दौरान संभाग मुख्यालय के प्रतीकसा बस स्टैंड में सन्नाटा पसरा रहा। बस स्टैंड से प्रतिदिन सैकड़ों बसें निकलती है लेकिन आज हड़ताल के कारण बस स्टैंड में एक भी बस नजर नही आई। इस दौरान अपने गंतव्य को जाने वाले यात्री हलाकान रहे व भटकते नजर आए। बसें नही चलने के कारण यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं इनकी हड़ताल में ऑटो चालक भी शामिल हो गए। ऑटो चालकों ने भी अपने वाहनों को खड़ा कर दिया। ऑटो चालकों की हड़ताल के कारण शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व शहर में लोगों को आवागमन के लिए खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई यात्री पैदल ही रेलवे स्टेशन से गांधी चौक तक पहुंचे लेकिन यहां आकर उन्हें पता चला की बसें भी नहीं चल रही है।





# साल का पहला दिन रहा शुभ, लक्ष्मी के रूप में 6 बेटियों ने लिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

साल का पहला दिन छह परिवारों के साथ ही मेडिकल कॉलेज के एमसीएच के लिए खास रहा। नए वर्ष के दिन एमसीएच में कुल छह प्रसव हुए और खास बात यह है कि सभी बेटियां ही है। पहले दिन की शुरुआत लक्ष्मी के रूप में बेटियों से होने के बाद परिवार में खुशियों का माहौल है इसके साथ ही अस्पताल प्रबंधन में भी उत्साह है। जन्म लेने वाली बच्चियां व प्रसूता पूर्ण रूप से स्वस्थ बताई जा रही है। बता दें कि अच्छी बुरी यादों के साथ लोगों ने वर्ष 2023 को विदाई देने के साथ ही वर्ष 2024 का खुलेदिल से स्वागत किया। सरगुजा में नए वर्ष के स्वागत को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने आतिशबाजी व जश्न के माहौल में नए वर्ष का स्वागत किया। इस जब लोग शहर में नए वर्ष का जश्न मना रहे थे तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के 100 बिस्तरीय एमसीएच में भी अस्पताल प्रबंधन के साथ ही माता-पिता के लिए खुशियों भरा पल था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नए वर्ष के मौके प्रसव पीड़ा उपरान्त भर्ती कराए गए 6 महिलाओं का 31 दिसम्बर की रात से 1 जनवरी के बीच प्रसव कराया गया। अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ द्वारा सामान्य प्रसव कराया। अस्पताल में सामान्य प्रसव के माध्यम से 6 बच्चियों का जन्म हुआ है। रात 1.30 बजे से लेकर सोमवार के दोपहर 12.15 बजे के बीच सभी प्रसव सामान्य रूप से कराए गए और प्रसूता कुंती पति महेश, संतोषी पति सोनी, ममता पति विजय, रयमुनिया पति सोमलाल, पूनम पति वीरेंद्र व प्रमिला पति विजय ने स्वस्थ बच्चियों को जन्म दिया है। आज का दिन इस लिए भी खास है कि पहले दिन की शुरुआत लक्ष्मी स्वरूप बेटियों से हुई है। एक साथ छह बेटियों के जन्म से अस्पताल प्रबंधन में भी उत्साह का माहौल है वहीं बच्चों के माता पिता व परिजन में भी ख़ासा उत्साह देखने को मिला। परिजन ने अस्पताल के कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई। फिलहाल प्रसूता व नवजात बच्चों चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है।

- मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराए गए छह सामान्य प्रसव, अस्पताल प्रबंधन व परिजन में हर्ष का माहौल

#### प्रसूता व बच्चे स्वस्थ

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में नए वर्ष के मौके पर छह सामान्य प्रसव कराए गए है और प्रसव में 6 बच्चियों का जन्म हुआ है। प्रसूता व नवजात पूरी तरह से स्वस्थ है और चिकित्सकों के साथ ही नर्सिंग स्टाफ उनके स्वास्थ्य पर निगरानी रख रही है।

-डॉ. जेके रेलवानी
सिविल सर्जन व प्रभारी एमएस

जनम मरन सब दुःख सुख भोगा। हानि लाभु प्रिय मिलन बियोगा ॥
काल करम बस होहिं गोसाईं। बरबस राति दिवस की नाईं। ।

पगड़ी रसम



अत्यंत दुःख के साथ आप सभी को सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूजनीय पिता जी
स्व. श्री सीताराम अग्रवाल जी
का स्वर्गवास दिनांक 22 दिसम्बर 2023 दिन शुक्रवार को हो गया है। जिनकी आत्मा शांति हेतु निम्न कार्यक्रम रखे गये है।

:: कार्यक्रम ::
पगड़ी रसम – 02 जनवरी 2024, मंगलवार
समय दोपहर 3 बजे से
स्थान – निज निवास, जोड़ा पीपल, केदारपुर, अम्बिकापुर

अतः पधारकर ब्रम्हलीन आत्मा को शांति प्रदान करें।

शोकाकुल–
रामरतन अग्रवाल, अर्जुनदास अग्रवाल, कवल कन्हैया अग्रवाल, घनश्याम दास अग्रवाल, शिव नारायण अग्रवाल (बबलू), मुकेश राजेश, प्रवीण, विकास, विवेक, राहुल, निवेश

राजीव अग्रवाल (पुत्र), रामकृष्ण गोयल (पौत्र)
राधेकृष्ण गोयल (पौत्र) एवं समस्त डिघलिया परिवार
जोड़ा पीपल, केदारपुर, अम्बिकापुर
98265 85186

1-Ambikapur-BHOOMI-pg 2_Layout 1 1/1/2024 9:23 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### कोरबा व बिलासपुर से चलने वाली ट्रेन रहेंगी रद्द

**कोरबा।** दक्षिण मध्य रेलवे के काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के हसनपार्थी पार्टी रोड स्टेशन और उप्पल स्टेशन के बीच तीसरी रेल लाइन के लिए ब्लाक लगने जा रहा है, इसलिए कोरबा और बिलासपुर से बेंगलुरु, केरल, हैदराबाद, सिकंदराबाद जैसे शहरों के बीच नए साल के पहले सप्ताह में कई ट्रेनें रद होने जा रही हैं। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण मध्य रेलवे में तीसरी रेल लाइन के कमीशनिंग के लिए नान इंटर लाकिंग काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के हसन पार्थी पार्टी रोड स्टेशन व उप्पल स्टेशन के बीच शुरू हो चुका है। ऐसे में तीन जनवरी को कोरबा से चलने वाली ट्रेन नंबर 22647 कोचुवेली एक्सप्रेस रद रहेगी। यह ट्रेन एक जनवरी को कोचुवेली से नहीं चलेगी। इसी तरह से 2 और 9 जनवरी को बिलासपुर से ट्रेन नंबर 22619 तिरुनेलवेली एक्सप्रेस रद रहेगी। यह ट्रेन तिरुनेलवेली से 31 दिसंबर और 7 जनवरी को रद रहेगी। 9 और 14 जनवरी को ट्रेन नंबर 12251 यशवंतपुर से कोरबा के लिए आने वाली ट्रेन रद रहेगी। वहीं कोरबा से यह ट्रेन 11 और 14 जनवरी को रद्द रहेंगी।

### चचिया में जनमन योजना शिविर में मिलेगा लाभ

**कोरबा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप ने शनिवार जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम चचिया में विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को प्रधानमंत्री जन मन योजना का लाभ दिलाने हेतु आयोजित शिविर का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को पीएम जनमन योजना के बारे में बताते हुए कहा की इस योजना का मूल उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार करना तथा उनका विकास सुनिश्चित करना है। इस हेतु जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों की बसाहटो में सर्वे किया जा रहा है। जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

### सुरेन्द्रनाथ पंच दशनाम गुरुदत्त अखाड़ा बने छत्तीसगढ़ प्रमुख

**कोरबा।** श्री पंच दशनाम गुरुदत्त अखाड़ा वृंदावन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत अनिरूद्ध गिरी महाराज ने स्वामी सुरेन्द्र नाथ को छत्तीसगढ़ प्रदेश का अध्यक्ष बनाया है। उनकी नियुक्ति से साधु समाज ने प्रसन्नता जाहिर की गई। स्वामी सुरेन्द्रनाथ नवयुगीन संत के नाम से जाने जाते हैं। किसी पद की अभिलाषा से विमुक्त आध्यात्मिक, धार्मिक कार्यों के माध्यम से लोक कल्याण के कार्यों में संलग्न रहते हैं। वे लंबे समय से लोगों में अध्यात्मिक चेतना जागृत करने का कार्य कर रहे हैं। स्वामी सुरेन्द्रनाथ ने कहा कि समाज को साधुओं की आवश्यकता है। साधु ही समाज में नए विचार, नई ऊर्जा के साथ क्रांति ला सकते हैं।

### लाभान्वित हितग्राही ग्रामीणों से लाभ लेने हेतु कर रहे प्रेरित

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को विकासखंड कटघोरा के ग्राम बिरदा व गंगदेई में जनपद पंचायत करतला के जुनवानी, श्रीमार व बोड़ाछाप में, पोड़ी- उपरोड़ा जनपद के घुंचापुर व लाद में एवं पाली जनपद के ग्राम मादन व सैला में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंच रही है। जिसमें एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से जानकारी दी जा रही है।

## कोरिया-एमसीबी जिले में हड़ताल का व्यापक असर

# ड्राइवरों की हड़ताल से थमे वाहनों के पहिए



प्रतीक्षा बस स्टैंड में खड़ी वाहन।



थाने में ज्ञापन सौंपने गए ड्राइवर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- साल के पहले दिन यात्रियों को हुई काफी परेशानी

कोरिया और एमसीबी जिले में ड्राइवरों की हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, खड़गवां, जनकपुर, भरतपुर, कोटाडोल, पटना, पंडोपारा सहित अन्य जगहों से चलने वाली यात्री बसों के पहिए थमे रहे।

कोरिया और एमसीबी जिले में साल के पहले दिन सोमवार को हाहाकार मच गया, क्योंकि साल की पहली सुबह ही ड्राइवरों द्वारा ट्रांसपोर्टिंग गाड़ियों सहित यात्री बसों की हड़ताल कर दी गई, जिसकी वजह से नए साल में यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, इसके अलावा बड़ी संख्या में निजी वाहन चालक भी इस हड़ताल में शामिल हैं। ऐसे में जिले के ज्यादातर पेट्रोल पंप में तेल की सप्लाई नहीं हो सकी। जिन पंप में पहले से तेल मौजूद था, वहां बिक्री की जा रही है। वहीं भविष्य में पेट्रोल की आपूर्ति प्रभावित होने की दर से लोगों ने भी भीड़ लगाकर पेट्रोल और डीजल लेना शुरू कर दिए हैं, जिले के ज्यादातर पेट्रोल पंप में लोगों की भीड़ लगी रही। जिले के कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने पर्याप्त स्टॉक होने की बात पर अब तक रिफिल टैंकर नहीं मंगाया है। वहीं कई पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि उन्हें रिफिल टैंकर नहीं मिल पा रहे हैं। पेट्रोल पंप की संचालिका सीमा रानी हस्सा ने बताया कि उनके पास पेट्रोल और डीजल की मात्रा पर्याप्त होने के कारण उन्होंने 1 जनवरी को रिफिल टैंकर नहीं मंगाया है। अभी वर्तमान में उनके पास 1000 लीटर पेट्रोल और 4500 लीटर डीजल का स्टॉक बना हुआ है। 2 जनवरी को रिफिल टैंकर मनाने के बाद ही पता चल पाएगा कि पेट्रोल आपूर्ति सही से हो पा रही है कि नहीं। वहीं कोयला उत्खनन कंपनी एसईसीएल से कोयला परिवहन करने वाली ट्रांसपोर्टिंग की गाड़ियां भी नहीं चली। इन ट्रांसपोर्टिंग ट्रक के ड्राइवरों ने भी तीन दिवसीय हड़ताल घोषित कर दिया है। वहीं कोयला उत्खनन करने के बावजूद उसका ट्रांसपोर्टिंग नहीं हो पाने के कारण साइडिंग में कोयले का बड़ा स्टॉक जमा हो गया है। दरअसल हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों ने सोमवार सुबह से हड़ताल शुरू कर दी है। छग में इसका मिला जुला असर देखने को मिल रहा है। उत्तर छग के कोरिया जिले में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के बस स्टैंड से यात्री बसें रवाना नहीं हो पाई। ट्रकों, डंपरों के पहिए भी थम गए हैं। यात्री बस स्टैंड आने के बाद परेशान होकर अपने घर वापस जाने के लिए विवश हो रहे हैं। वाहन चालक संघ के सदस्यों ने सुबह बस स्टैंड पर एकत्र होकर जमकर नारेबाजी की और सरकार से काला कानून वापस लेने की मांग की है।

### हिट एंड रन कानून का कर रहे विरोध

सोमवार के दिन छग ड्राइवर महा संगठन के सैकड़ों सदस्य सिटी कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने थाना प्रभारी के नाम सूचना देकर 1 जनवरी से गाड़ियों को खड़ी करके बस स्टैंड बैकुंठपुर में प्रदर्शन करने की बात कही। वाहन चालकों ने बताया कि हमारी मांग जब तक पूरी नहीं की जाएगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। सरकार द्वारा कानून में किए गए संशोधन के तहत सड़क हादसे के बाद मौके से भागने वाले चालक को 10 साल की सजा और 7 लाख रूपए तक जुर्माने का प्रावधान किया जा रहा है। हमारी मांग है कि सरकार इस कानून को वापस ले। एक्सीडेंट की घटना ड्राईवर कभी भी जानबूझकर नहीं करते हैं। वाहन चालक के विरूद्ध एक्सीडेंट करने पर कानून में किए जा रहे संशोधन को निरस्त किया जाए। दुर्घटना के बाद चालक मौके से नहीं भागे तो जमा हुई भीड़ मारपीट करने के साथ कई बार जान तक ले लेती है। वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा जो जुर्माना और सजा का प्रावधान किया है, उसमें गरीब ड्राइवर कहां से राशि जमा भरेंगे और 10 साल की सजा होने पर परिवार का भरण - पोषण कैसे होगा। ड्राइवर संगठन ने सामूहिक रूप से नए कानून में संशोधन करने की मांग की है।

### कोयले के ट्रांसपोर्टिंग पर भी असर

एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र में उत्खनन क्षेत्र से साइडिंग तक ले जाने के लिए ट्रक और अन्य वाहन चल रही है, लेकिन इस कोयले को एनटीपीसी और अन्य जगहों पर ट्रांसपोर्ट करने के लिए चलने वाली ट्रक ड्राइवर के हड़ताल से प्रभावित है। कोयले का ट्रांसपोर्टिंग नहीं हो पाने के कारण साइडिंग में कोयले का स्टॉक जमा हो गया है।

### सोमवार की सुबह मंडी में पहुंची सब्जियां

ट्रक ड्राइवर की हड़ताल 1 जनवरी से शुरू हुई है, इस कारण 1 जनवरी की सुबह जल्दी ही सब्जी पहुंचने वाले वाहन मंडी में पहुंच गए थे। सब्जी व्यापारी राज कुशवाहा ने बताया कि क्योंकि 1 जनवरी की सुबह मंडी में सब्जी आ गई थी, इस कारण सब्जी की कीमतों में कोई अंतर नहीं आया है, लेकिन ड्राइवर की हड़ताल के कारण हो सकता है। 2 जनवरी से सब्जियों की गाड़ी ना आए, ऐसे में सब्जियों की कीमतों में भारी उछाल होने की संभावना बनी हुई है। वर्तमान में सब्जियों की कीमतें सामान्य बनी हुई है, इनमें टमाटर 20 रूपए किलो, मटर 40 रूपए किलो, आलू 20 रूपए किलो और प्याज 25 रूपए किलो की दर से बिक रहे हैं।



गुलजार पिकनिक स्पॉट।

# नई उम्मीदों के वर्ष 2024 के स्वागत में डूबे रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- नए साल पर जमकर मनाई खुशियां

नए वर्ष 2024 के जश्न में जिलेभर के लोग डूबे रहे। शहर के सागरपुर स्थित झुमका परिसर समेत अमृतधारा, गौरघाट समेत अन्य पिकनिक स्पॉट गुलजार रहे। यहां दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। वैसे तो रविवार-सोमवर की मध्यरात्रि से ही नए वर्ष की जश्न में समूचा शहर डूबा रहा। जगह-जगह लोग सपरिवार पिकनिक मनाने पहुंचे।

दूसरी ओर सोशल मीडिया समेत अन्य माध्यमों से लोग नए वर्ष की शुभकामनाएं व संदेश देने में दिनभर व्यस्त रहे। झूमका की वोट से शैर की। नए वर्ष को सपरिवार एक साथ मानने के लिए लोग अपनी वाहनों सहित किराए पर वाहनों को बुक कर जिले की प्रसिद्ध पर्यटक स्थल अमृतधारा सहित झूमका जलाशय, रमदईया धाम, गेज बांध समेत अन्य जगहों पर गए। नएवर्ष को सभी लोगों ने अपने-अपने तरीकों से मनाया। 1 जनवरी को पूरे दिन पिकनिक का दौर जारी रहा।

### मंदिरों में मत्था टेक नए वर्ष की शुरुआत

नववर्ष के प्रथम दिवस 1 जनवरी को जिले के विभिन्न पिकनिक स्पाटो में मंदिरों व पर्यटन स्थलों पर लोग पहुंचे, सुबह से ही लोग मंदिरों व पिकनिक स्पाटों में पहुंचे। जिला मुख्यालय के शिव मंदिर, प्रेमाबाग मंदिर, रमदईया धाम समेत अन्य मंदिरों में लोगों का आना-जाना सुबह से ही प्रारंभ रहा, जो शाम तक चला, वहीं शहर के पिकनिक स्थान झूमका जलाशय, रमदईया धाम, गेज बांध में लोगों की लंबी भीड़ लगी रही। लोग बीते वर्ष को विदाई और नए वर्ष के आगमन को लेकर लोग पिकनिक मनाने दोस्त, रिस्तेदारों, परिजन समेत पहुंचे और पिकनिक भोज का आनंद लिया।

### पार्क में भी सपरिवार पहुंचे लोग

नए वर्ष को लेकर लोग जिला मुख्यालय स्थित टूरा-टूरी बगिया समेत इंदिरा पार्क में पहुंचे, जहां लोगों ने पार्क के सेलिब्रेट प्वाइंट में सेल्फी लिया और जिम समेत पार्क का लुफ्त उठाया। इस दौरान यहां भी सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों का आना-जाना लगा रहा। दूर-दराज से कई लोग पहुंचे और जमकर लुफ्त उठाएं।

# प्री वेडिंग शूट जैसी पाश्चात्य सभ्यता को रोकेगा ब्राह्मण समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गायत्री मंदिर परिसर पटना में सर्व ब्राह्मण समाज की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज सुधार की दिशा में अनेक प्रस्ताव पारित किए गए, साथ ही विभिन्न विषयों पर सारगर्भित चर्चा की गई।

बैकुंठपुर क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक भईयालाल राजवाड़े का सम्मान भी समाज के द्वारा किया गया, साथ ही महिला इकाई जिलाध्यक्ष के रूप में श्रीमती वंदना शर्मा को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत समाज की बैठक अराध्य देव भगवान परशुराम जी के छायाचित्र पर समाज के वरिष्ठजन ने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया, इसके बाद मंच पर उपस्थित समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने समाज सुधार की दिशा में अनेक बाते कहीं। इस अवसर पर समाज में फैली अनेक कुरीतियों को दूर करने के बारे में भी चर्चा की गई और तमाम कुरीतियों से सामाजिक जन को दूर रखने के लिए ठोस कदम उठाने पर चर्चा की गई। सामाजिक जन ने समाज की एकता पर बल दिया और कहा कि आज समाज के लोग हर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ब्राह्मण समाज का प्रत्येक सदस्य अपने आप में एक प्रभावशाली भूमिका में होता है, हमारा समाज ऐसा समाज है जो कि अन्य समाजों को दिशा दिखलाता है, विप्र समाज पर अन्य समाज का भी भरोसा बना रहना चाहिए। कार्यक्रम की श्रृखंला में महिला इकाई के बारे में चर्चा की गई, इसके तहत ब्राह्मण समाज पटना इकाई की अध्यक्ष श्रीमती नेहा शर्मा ने श्रीमती वंदना शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा ,जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन करते हुए उन्हें महिला इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया । जिला सचिव योगेन्द्र मिश्रा ने समाज के द्वारा किए जा रहे कार्यो को विस्तारपूर्वक सबके सामने रखा। मंच संचालन रूद्र मिश्रा ने किया और मंचस्थ अतिथियों का परिचय कराया। इसके पश्चात समाज संबंधी प्रस्ताव पारित किए गए। इसके तहत समाज के द्वारा प्री वेडिंग शूट जैसी कुरीति के खिलाफ आवाज उठाने और इसे बंद करने का प्रस्ताव पारित किया गया। वरिष्ठ जन के द्वारा यह निर्देश दिया गया कि हम सब अपने परिवार में वैवाहिक कार्यक्रम के पूर्व प्री वीडियो शूट को बंद करें, इससे समाज में परिणय सूत्र में बंधने की पवित्रता का नुकसान हो रहा है और हम जैसा आचरण करेंगे वहीं आने वाली पीढ़ियों के लिए आचरण का विषय होता है। इसके पश्चात समाज के वरिष्ठ जन ने पूर्व की भांति आने वाले महीने में एक वृहद उपनयन संस्कार कराने का प्रस्ताव पारित किया। वैवाहिक परिचय सम्मेलन कराने और प्रेमाबाग परिसर में निर्माणाधीन भगवान परशुराम मंदिर के संबंध में प्रांरभ से लेकर अब तक की गतिविधि के बारे में सभी को अवगत कराया गया। साथ ही यह प्रस्ताव पास किया गया कि सर्व ब्राह्मण समाज इस मंदिर के निर्माण में अपना तन मन धन जिसके द्वारा थोड़ा भी समर्पित किया गया है, उसका सूचिकरण किया जाए, सभी के नाम और उनकी सहयोग राशि का एक रजिस्टर बनाया जाए और मंदिर के आंतरिक दीवारों पर एक किनारे सभी का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कराया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी को सहयोगी परिजन का नाम याद रहे।

### एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**बैकुंठपुर।** सोमवार को छग बटालियन कोरबा के तत्वाधान में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 20 से 29 दिसंबर तक ईव्हीपीजी कॉलेज कोरबा के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस शिविर में कोरिया, सूरजपुर, एमसीबी, बिलासपुर एवं जांजगीर-चांपा जिले से लगभग 450 कैडेट्स, एनसीसी अधिकारी एवं अन्य सैन्य अधिकारी सम्मिलित हुए। अपने प्रारंभिक में कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल प्रियदर्शन चौधरी ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कैडेट को जीवन में एकता और अनुशासन को आत्मसात करना चाहिए। अच्छे प्रशिक्षण से जीवन में सफलता मिलती है।

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक-14 जनवरी, 2024
दिन-रविवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

हृदय रोग ओपीडी
आपके शहर अंबिकापुर में
नारायणा हेल्थ, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस. पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
हृदय रोग के सामान्य लक्षण :-
• सीने में दर्द
• साँस लेने में तकलीफ, जल्दी थक जाना
• अनियमित हृदय गति
• जी मचलना, सीने में जलन, पेट और पीठ में दर्द
• बाएं कंधे या बांह से बाएं शरीर में दर्द फैलना
13 जनवरी 2024 शनिवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9617247433, 9713667433

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी, 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

माहवारी के समय दर्द, असमय एवं अनियमित माहवारी, पेशाब में जलन, सफेद पानी, गर्भाशय में गठान, बाल झड़ना, चेहरे में मुंहासे, पुराना एक्जिमा एवं महिलाओं के समस्त रोगों का 100% प्राकृतिक और सफल होमियोपैथी उपचार के लिए संपर्क करे।
समय सुबह 08.00 बजे से 12.00 pm
दोपहर 02.00pm से रात 07.00 बजे तक।
डॉ. अमरीन फिरदौसी
BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कालोनी, नवागढ़, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर,
9179454786, 9753214959

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 जनवरी 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
▪ आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
▪ दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
▪ किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
▪ पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
▪ किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग
नेत्र रोग विभाग
दंत रोग विभाग
स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग
सर्जरी विभाग
शिशु रोग
हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

रायपुर के वरिष्ठ एवं अनुभवी रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. निहार गुप्ता MBBS, MD, FICH (Hematologist)
रक्त रोग विभिन्न लक्षण
• खून की कमी
• प्लेटलेट की कमी
• बार-बार खून चढ़ना
• सिकल सेल एनीमिया
• थैलेसीमिया
• ब्लड कैंसर
• बोन मैरो ट्रांसप्लांट
• Aplastic Anemia
• Multiple Myeloma
दिनांक 07 जनवरी 2024 रविवार समय : दोपहर 2 से सायं 4 बजे तक
दिनांक 07 जनवरी 2024 रविवार समय : दोपहर 3 से सायं 5 बजे तक
सुप्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MD, M.Ch Neuro Surgeon
क्या आप भी परेशान है इन सब से...
• नसो में कमजोरी
• हाथ पैर में कम्पन, झुनझुनी
• चक्कर बेहोशी
• याददाश्त कम होना
• मिर्गी, फिट जलन
• सिर दर्द माईग्रेन लकवा
• (पैरालिसिस)
• हाथ पैर में कमजोरी
• डायबिटिक न्यरोपैथी
• हाथ, पैर, कमर, गर्दन में असहनीयदर्द
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
24x7
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉकटरों की टीम द्वारा दुरबीन विधि LAPROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपी सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, नि:संतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
07 जनवरी 2024, दिन- रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें!

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठ्यक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेड़ापन, सिपलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

## खबर संक्षेप

### आज पहुंचेगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ

**सूरजपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत निरंतर जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 2 जनवरी को सूरजपुर, भैयाथान, ओड़गी, प्रतापपुर ब्लॉक में दो पाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर कार्यक्रम का आयोजन होना है। सूरजपुर ब्लॉक में 10 बजे से बीरपुर तथा 2 बजे से गणेषपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार से भैयाथान ब्लॉक में 10 बजे से कसकेला, ओड़गी ब्लॉक में 10 बजे से लांजीत तथा 2 बजे से कुप्पा में, प्रतापपुर ब्लॉक में 10 बजे से केरता तथा 2 बजे से बोझा में निर्धारित है।

### सात दिवसीय विशेष शिविर कल से

**सूरजपुर।** संस्था की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर विकासखंड सूरजपुर विकासखंड के ग्राम पेण्डरखी मे 3 से 9 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर शिविर का आयोजन किया गया है।

### बोलेरो की टक्कर बाइक सवार युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** घर लौट रहे बाइक सवार युवक को बनारस मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी निवासी परमानंद रजवाड़े आ. पूरनचंद राजवाड़े (22 वर्ष) बीती रात लगभग 10.30 बजे ढाबा की ओर से अकेले बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही युवक बनारस मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर से गंभीर हुए बाइक सवार की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम केल्हारी निवासी पति राज सिंह आ. अजमेर सिंह (35 वर्ष) पिछले माह 30 दिसंबर को किसी काम के सिलसिले में ग्राम पिपरौलडीह की ओर गया था। शाम को बाइक से घर लौटने लगा तभी पिपरौलडीह के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### आग की चपेट में आने से वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** घर के बाहर अलाव के पास बैठा वृद्ध आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ओडगी थाना अंतर्गत ग्राम बैजनाथपुर निवासी हंस राज आ. राम पनिका (70 वर्ष) रविवार की सुबह घर के सामने गांव के अन्य लोगों के साथ अलावा के पास बैठा था। इसी दौरान अचानक आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## नए साल पर रोजाना बड़ी संख्या में बोटिंग का आनन्द लेने पहुंच रहे पर्यटक

# देखभाल के अभाव में केनापारा पर्यटन केंद्र में अव्यवस्था हावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बातें**

- मात्र दो बोट के सहारे टिका हुआ है पर्यटन केंद्र
- अन्य कोई भी सुविधा न मिल पाने से निराश होकर लौट रहे पर्यटक

एसईसीएल के क्लोजर माइनिंग फंड से करीब छह वर्ष पूर्व सात करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित केनापारा पर्यटन केंद्र व्यवस्थित देखभाल के अभाव में बदहाली की सीमा में खड़ा हुआ है।वर्तमान में नए साल के आगमन के पूर्व रोजाना यहां बड़ी संख्या में पर्यटक मनोरंज के उद्देश्य से पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें मनचाही सुविधा न मिल पाने से निराशा ही हांथ लग रही है।वर्तमान में यहां बोटिंग के अलावा पर्यटकों के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने से यहां आए लोग निराश होकर लौट रहे हैं।बता दें की छह वर्ष पूर्व तत्कालीन कलेक्टर ने कोयला उत्पादन के बाद बंद पड़ी पोखरिया खदान के अथाह जल में केज का निर्माण कर इसमें मत्स्य पालन के साथ बोटिंग व तैरते हुए रेस्टोरेंट सहित पर्यटकों के लिए अन्य सुविधाओं को विकसित कराया था।बाद में जिले में पदस्थ अन्य जिलाधिकारियों द्वारा यहां सुविधाओं को बढ़ाने कई तरह के प्रयोग किए लेकिन अब अनदेखी की वजह से उक्त पर्यटन केंद्र बदहाली की कगार पर खड़ा हुआ है।



बोटिंग करते पर्यटक।



पर्यटन स्थल पर फ्लोटिंग रेस्टोरेंट।

### वीआईपी बोट सुविधा एक साल से अधिक समय से है बंद

पर्यटन केंद्र में अव्यवस्था की स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां पर्यटकों के लिए लाए गए वीआईपी बोट सहित कुल आधा दर्जन बोट में वर्तमान में महज दो बोट चालू हालत में है।वीआईपी बोट पिछले एक वर्ष से खराब पड़ी हुई है।वर्तमान में भारी भीड़ की स्थिति में पर्यटकों को बोटिंग के लिए अपनी बारी का लंबा इंतजार करना पड़ता है।

#### बच्चों के लिए लगाए गए झूले भी हो रहे खराब

यहां पर्यटकों व उनके बच्चों के लिए करीब दो वर्ष पूर्व किड्स जोन स्थापित कर झूले सहित अन्य उपकरण लगाए गए थे जो बारी बारी से एक एक कर टूट रहे हैं। इसके अतिरिक्त मेंटनेंस के आभाव में केंद्र में लगे कई समान अब या तो खराब हो टूट फूट चुके हैं जबकि कई सामान यहां से चुरा लिए गए हैं।

#### रेस्टोरेंट भी अव्यवस्था के बीच हो रहा संचालित

पर्यटन केंद्र में अथाह जल में तैरते हुए रेस्टोरेंट भी भारी अव्यवस्था के बीच संचालित हो रहा है, रेस्टॉरेंट मेनू के हिसाब से खाद्य सामग्री उपलब्ध नहीं हो पाने व गंदगी के बीच होटल संचालन से पर्यटक यहां कुछ भी खाने का आर्डर देने से फिलहाल बच रहे है।

### भारी खर्च के बावजूद कॉटेज सुविधा नहीं हो पाई शुरू

शासन द्वारा उक्त पर्यटन केंद्र का संचालन पहले महिला समूह के माध्यम से कराया गया।यहां पर्यटकों के लिए लाए गए एडवेंचर बाइक सहित वन विभाग से बनाए गए कॉटेज सुविधा आज पर्यंत शुरू नहीं हो पाई है।साथ ही इसके व्यवस्थित संचालन में जिला प्रशासन के द्वारा रुचि नहीं लेने से पर्यटन केंद्र में अव्यवस्था की स्थिति है।

#### प्रधानमंत्री कर चुके हैं पर्यटन केंद्र की तारीफ

बता दें कि एनएच 43 के ठीक बाजू में स्थित केनापारा पर्यटन केंद्र की तारीफ स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर चुके हैं। कोयला खनन के बाद बेकार पड़ी भूमि में ईको टूरिज्म के साथ मत्स्य पालन की पीएम मोदी ने सराहना कर इसे देश के लिए एक अच्छा उदाहरण बताया था। इसके अतिरिक्त महिला समूहों को रोजगार उपलब्ध कराने व यहां सी मार्ट को देखने थाइलैंड से टीम आई थी। टीम ने इसकी प्रशंसा कर अपने देश में भी इस तरह पहल किए जाने की बात कही थी।लेकिन कुछ दिनों बाद ही यह पर्यटन केंद्र अब बदहाली के दौर में जा पहुंचा है।

### बिजली बिल का भुगतान बाकी विभाग ने काटा कनेक्शन

बताया जाता है कि पर्यटन केंद्र के लंबे चौड़े भू भाग को चकाचक दिखाने लाइट तो लगा दी गई और अवैध कनेक्शन से तीन माह केंद्र गुलजार भी रहा लेकिन अवैध कनेक्शन और कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं करने से छह माह पहले विभाग ने यहां की बिजली कनेक्शन काट दिया है। वर्तमान में यहां सोलर लाइट से काम चलाया जा रहा है।

#### मत्स्य पालन में भी रुचि नहीं

बताया गया कि पर्यटन केंद्र की स्थापना के साथ मुख्य रूप से क्वारी के अथाह जल में मत्स्य पालन की योजना थी लेकिन अब यह भी दम तोड़ता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि केज में लगे लोहे के जाल सड़ गल गए है। इसके अतिरिक्त मत्स्य पालन में भी ग्रामीण रुचि नहीं ले रहे जिससे यह योजना दम तोड़ती दिख रही है।

#### प्रक्रिया में है टेंडर

इस संबंध में सहायक संचालक मछली पालन एमएस सोनवानी ने बताया कि केंद्र के व्यवस्थित संचालन के लिए टेंडर प्रक्रिया में है। आचार संहिता की वजह से काम रुका हुआ था, जल्द ही टेंडर के बाद यहां की व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी।

# बिंझिया समाज के महासम्मेलन की तैयारी का पूर्व मंत्री ने लिया जायजा



लोगों से चर्चा करते पूर्व मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत जमदई में बिंझिया समाज द्वारा अनुसूचित जाति में सम्मिलित होने पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भुवाल सिंह सिरदार के आह्वान पर 8 जनवरी को होने वाले महासम्मेलन की तैयारी का पूर्व मंत्री व कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पहुंच कर जायजा लिया। पूर्व मंत्री ने यहां पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि अखिल भारतीय बिंझिया महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कई मंत्री व सांसद भी उपस्थित होंगे। इस हेतु पूर्व मंत्री महेश गागडा ने गत दिनों निरीक्षण के दौरान जमदई हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल, स्टेडियम में उपलब्ध सुविधाओं एवं स्टेडियम को कार्यक्रम के लिए तैयार करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम हेतु टेंट, अधिष्ठापन, मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, साउंड सिस्टम, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक बिंदु पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस महासम्मेलन में एक लाख से अधिक लोगों की उपस्थिति होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में बिंझिया समाज के लोगों सहित अन्य वंचित आदिवासी संघर्ष समिति के 12 जाति जैसे गोड, धनवार, सावरा, धागड़, उरांव, नगेसिया, किसान, भुईया, रवतीया, सहित अन्य समाज के लोग शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावे शैला, सुआ भाजपा के पूर्व मंत्री महेश गागड़ा स्वागत बिंझिया समाज के लोगों द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, बाबूलाल अग्रवाल, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला, मानी तहसीलदार हिना टंडन, जयनगर थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी के अलावा बिंझिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भुवाल सिंह सिरदार, राष्ट्रीय सचिव हरदेव सिरदार , बुझन राम, बिमल सिरदार, देवेन्द्र कुमार सिरदार, विजय सिरदार, पनेश्वर सिरदार, लाल बहादुर, तनंग राम, कैलाश सिरदार, व अन्य उपस्थित थे।

# पेडरखी प्राथमिक शाला के बच्चों को बांटे स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव



विकासखंड उदयपुर के पेंडरखी के प्राथमिक शाला के बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता अग्रवाल द्वारा प्राथमिक शाला पेंडरखी के बच्चों को जैकेट वितरण किया साथ ही स्कूल का जायजा लिया। सौरभ अग्रवाल ने ग्रामीणों को शासन के योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने गांव के सभी वर्ग के लोगो की समस्या सुनी और संबंधित विभाग को पूरा करने निर्देश दिए। स्थानीय बच्चों एवं कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान आकृति अग्रवाल, दीपक सिंघल, राजकुमार यादव, सरस्वती पैकरा, विजय अग्रवाल, मनीष बंसल, सावन अग्रवाल, विकास यादव, परमेश्वर सारथी, रमेश यादव, सुनील यादव, सुगंध सिंह, प्रदीप कुजूर, श्रीमती कामख्या सिंह, साकेत शर्मा, मंजुला यादव, गोविंद लकड़ा, विजय यादव, महेश राम, अग्नीत सिंह, सालमोन केरकेट्टा,बलबीर सिंह, राकेश पाटले, छोटेलाल दास, लक्ष्मीनारायण देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 550 गरीब परिवार को किया गया कंबल वितरण

**कुसमी।** राजपुर निवासी अशोक अग्रवाल कोढी द्वारा ठंड के मौसम को देखते हुए आज ग्राम पंचायत सिबिल दाग, करकली, सेमरा ताला, लाइन पारा एवं कंजिया ग्राम पंचायत के 550 गरीब परिवार बुजुर्ग महिला एवं पुरुष को कंबल वितरण किया तथा लोगों को मिठाइयां वितरण किया गया। अशोक अग्रवाल कोढी ने बताया कि कंबल वितरण प्रति वर्ष किया जाता है। गरीब परिवार को मदद करने से सुकून मिलता है, यह नेकी का कार्य है। उन्होंने कहा कि सभी सामर्थ्यवान व्यक्तियों को इस प्रकार का कार्य करना चाहिए। वहीं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता जन्मजय सिंह ने कहा कि अशोक अग्रवाल कोढी द्वारा यह बहुत ही नेक कार्य किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य अतिथि सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा, उमेश्वर ओझा, हिरामुनी निकुंज, बसंती भगत, राकेश भारती, मो. समीम, अशोक सोनी, इंद्रदेव निकुंज, देवसाय भगत, अनिल राम, अजय यादव, जहरुल अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



### जनचेतना कल्याण मंच ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**रामानुजगंज।** ठंड के मौसम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर की समाजसेवी संस्था जन चेतना कल्याण मंच द्वारा वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। वार्ड क्रमांक 14 के गरीब के अलावा 101 लोगों को किया गया। जन चेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष विकास दूबे ने बताया कि हम लोगों द्वारा नगर के गरीब परिवारों के बीच में जो वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 तथा अन्य वार्डों में निवास करते हैं उन्हें हर वर्ष हम लोगों के द्वारा उन्हें ठंडी के सीजन में जरूरत अनुसार नगर वासियों के सहयोग से गर्म कपड़े वितरण किया जाता है। पिछले 24 वर्षों से हम लोगों का कोशिश जारी है हम लोग जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े देकर उन्हें ठंडी से राहत दिलाने का भरपूर भरपूर प्रयास करते हैं। इस वर्ष हम लोगों ने 101 लोगों को कंबल एवं अन्य ऊनी वस्त्र का वितरण किया है। इस अवसर पर संस्था के दीपक ठाकुर, सलाम मंसूरी, अजय केवट, रसूल मंसूरी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।





### अधिकारियों ने 60 बोरी अवैध धान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अवैध धान संग्रहण परिवहन व बिक्री पर जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी रखें हुए है।

बाहर से धान लाकर बेचने वालों व कोचियागिरी करने वालों की खिलाफ ठोस कार्रवाई की जा रही है ।इसी के तहत बकिरमा में आज 60 बोरी धान की जब्ती की गई है। एक कृषक द्वारा 60 बोरी धान कोचिया के यहां से धान समिति बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब न मिलने के स्थिति में संबंधित अधिकारी द्वारा धान की जब्ती कर प्रेमनगर थाना के सुपुर्द किया गया है।

# केतकी खदान के ठेका श्रमिकों द्वारा 8 से किया जाएगा आमरण अनशन

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के केतकी खदान के आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने आर्थिक, शारीरिक शोषण के खिलाफ एटक यूनियन के नेतृत्व में 8 जनवरी से आमरण अनशन तथा काम बंद हड़ताल करने का निर्णय लिया है। एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग में बताया कि केतकी खदान में ठेका मजदूरों का आर्थिक, शारीरिक शोषण के विरोध में संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के नेतृत्व में ठेका मजदूरों ने लगातार आंदोलन किया है। गत दिनों 24 नवंबर को केतकी भूमिगत के समक्ष धरना प्रदर्शन आंदोलन, 27 नवंबर को महाप्रबंधक बिश्रामपुर क्षेत्र के समक्ष धरना प्रदर्शन, 4 दिसंबर से 6 दिसंबर तक तीन दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल तथा 11 दिसम्बर को जिला मुख्यालय सूरजपुर में ठेका श्रमिक एकत्र होकर रैली कर कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद भी एसईसीएल प्रबंधन और एसएमएस कंपनी ठेका श्रमिकों का आर्थिक शोषण करने को अपना अधिकार समझा जा रहा है। प्रबंधन के इस अड़यिल रवैये के कारण ठेका मजदूरों के परिवारों के समक्ष भूखों मरने की स्थिति बन गई है। क्षेत्रीय सचिव ने बताया कि केतकी खदान के श्रमिकों की प्रमुख मांग है कि केतकी खदान में प्रबंधन और ठेकेदार द्वारा षड़यंत्र कर 15 नवम्बर द्वितीय पाली से बैठाए गए सभी श्रमिकों को तत्काल काम पर वापस लिया जाए, केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत सभी कामगारों को कोल इंडिया हाई पवार कमेटी द्वारा तय वेतन भुगतान किया जाए, प्रतिमाह सीएमपीएफ खाता नंबर के साथ समस्त कटौती का पूर्ण विवरण के साथ वेतन पर्ची प्रदान किया जाए एवं गत 1 वर्ष से हाई पावर कमेटी द्वारा तय मजदूरी से आधा अधूरा वेतन का जो भुगतान किया गया उसका एरियर भुगतान किया जाए।




# मानिकप्रकाशपुर में लोगों ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 108वीं कड़ी का प्रसारण किया गया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष की उपस्थिति में ग्राम मानिक प्रकाशपुर में पीएम के मन की बात सुनी गई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष श्री हर्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का आम जन के जीवन में बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। कार्यक्रम को भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल तिवारी व संचालन हीरासाय राजवाड़े ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में सोशल मीडिया कार्यकर्ता लकी सोनी द्वारा 20 कार्यकर्ताओं के मोबाइल पर नमो ऐप डाउनलोड कराया गया। इस अवसर पर मतदान केंद्र अध्यक्ष उमेश्वर राजवाड़े, महेंद्र मित्रा, धनसु, मंदीप महाजन, उजित, आरिफ, धर्मपाल, करण, आशु, जागेश्वर, जोगेश, भीखम, सोनू, प्रदीप मित्रा, आकाश, रोशन, हरिपाल, हीरालाल, बीरबल सहित सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## शिकायत पर किया स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण, साफ-सफाई के निर्देश

# रामानुजनगर अस्पताल में गंदगी देख भड़के विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर विधायक भुलन सिंह मराबी ने नए वर्ष के पहले दिन ही रामानुजनगर अस्पताल का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में गंदगी देख कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाया।

रामानुजनगर अस्पताल में आए दिन कई प्रकार की शिकायते मिल रही थी। बावजूद इसके व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया। पिछले दिनों अस्पताल की मिल रही शिकायत पर विधायक ने अपना एक टीम बनाकर अस्पताल भेजा था। आज सुबह विधायक खुद ही अस्पताल पहुंच व्यवस्था का जायजा लिया। अस्पताल में फैली गंदगी को देखकर कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। विधायक के अस्पताल का जायजा लेने के दौरान आश्चर्यजनक बात दिखा की मरीजों के बेड में चादर तक नहीं था। विधायक ने उपस्थित बीएमओ से कारण जानना चाहा तो बीएमओ ने कहा की यहां चादर नहीं है और जिला से नही आया है। विधायक ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को फोन लगाकर चादर के बारे में पूछा तो सीएमएचओ ने कहा कि पांच दिन पहले ही चादर भेजा गया है। सीएमएचओं की बात सुन विधायक काफी नाराज हुए और जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि अब बहाने बाजी नहीं चलेगा,व्यवस्था में सुधार करो नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहो। विधायक ने मरीजों से हाल चाल जाना और फल वितरण कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय, सुमंत साहू, विकास दुबे, रामप्रताप साहू, अनूप दुबे,अजय प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



बीएमओ से चर्चा करते विधायक।

### ग्रामीणों को योजनाओं की दी गई जानकारी

**रामानुजनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत रामतीर्थ में आयोजित किया गया। कलेक्टर द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही। विधायक भूलन सिंह मरावी द्वारा सभी ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किया जो आकर्षण का केन्द्र रहा। । बीईओ पंडित भारद्वाज द्वारा क्वीज कार्यक्रम में विद्यार्थी उत्साह पूर्वक भाग लिया वहीं सही जवाब देने पर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान लक्ष्मण तिवारी,जयप्रकाश उपाध्याय, सुमंत साहू, संजय राय, सूर्यकांत साय, राम तीरथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### साहू सदन में शिवमहापुराण कथा एवं रूद्राभिषेक आज से

**अम्बिकापुर।** मां महामाया महिला सेवा समिति मणिपुर के सौजन्य से शिवमहापुराण कथा एवं रूद्राभिषेक का आयोजन 2 जनवरी से साहूपारा स्थित साहू सदन में किया जाएगा। कथावाचक पं देवकृष्ण शर्मा शिव महापुराण की कथा सुनाएंगे। मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकालकर 3 बजे से कथा प्रारंभ की जाएगी।

### शिक्षिका पर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**लखनपुर।** ग्रामीणों ने गुमगरा प्राथमिक शाला की शिक्षिका पर धर्म परिवर्तन कराने व बच्चों से यीशु मसीह की प्रार्थना कराने का आरोप लगाया है इस सम्बंध में डीईओ के नाम संकुल समन्वयक को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में गांव के गौरी साहू, रामकुमार साहू, पजेलाल, देवाल आदि ने शिक्षिका रेखा भगत पर बच्चों के साथ गलत आचरण करने एवं मूल निवासियों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है तथा उन्हें अन्यत्र हटाने की मांग की है। इस सम्बंध में संकुल समन्वयक विनोद कुमार गुप्ता बताया कि ग्रामीणों ने ईईओ के नाम ज्ञापन सौंपा है जिसे जांच के लिए आगे प्रेषित किया गया है। शिक्षिका रेखा भगत ने बताया कि कुछ लोग जान बूझकर बदनाम कर मेरा स्थानांतरण करना चाहते हैं। कुछ लोगों के द्वारा मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** सरसो बीज लेने जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक ग्रामीण की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई वहीं दूसरे का उपचार जारी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम रजौटी मंदिर पारा निवासी सुरेन्द्र बडा आ. साध राम बडा (26 वर्ष) शनिवार की दोपहर गांव के ही राहुल एक्का के साथ बाइक से उलकिया बरबहला सरसों बीज लेने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार पेटला डोडरोगीपारा के समीप पहुंच तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को लेकर अस्पताल जा रहे थे तभी रास्ते में राहुल एक्का की मौत हो गई वहीं दूसरे घायल का उपचार अस्पताल में जारी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### फावड़ा लेने का आरोप लगाकर किया ग्रामीण से मारपीट

**अम्बिकापुर।** फावड़ा लेने का आरोप लगाकर गांव के ही एक व्यक्ति ने ग्रामीण की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ओड़गी थाना अंतर्गत ग्राम सवांरावां निवासी जगरनाथ पोया आ. जगू पोया गत दिन खेत के पास काम कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही सत्यनारायण पहुंचा और फावड़ा लेने तथा वापस नहीं देने की बात को लेकर विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि सत्यनारायण ने गाली-गलौज करते हुए जगरनाथ की बेदम पिटाई कर दी। पीड़ित ग्रामीण ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## नववर्ष पर गुलजार रहे पिकनिक स्पाट एवं पार्क

# लोगों ने महामाया मंदिर सहित अन्य शक्तिपीठों में की पूजा-अर्चना


महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।


पार्क में झूलों का लुत्फ उठाते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

नए साल की खुशियां मनाने आज पिकनिक स्थलों पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। लोगों ने दिन की शुरुआत मंदिर, मस्जिद व गुरुद्वारा में मत्था टेक कर किया। महामाया मंदिर, साड़बार मंदिर सहित सभी शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा वहीं सबसे अधिक भीड़ महामाया मंदिर में देखी गई जहां तड़के से ही श्रद्धालु कतार में खड़े नजर आए। आज पूरे दिन नए वर्ष की शुभकामनाएं को दौर चलता रहा। इस बीच किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसके लिए पिकनिक स्थलों पर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी।

**खास बात**

- महामाया मंदिर में तड़के से ही लगी श्रद्धालुओं की कतार

31 दिसम्बर की शाम से ही नए साल का स्वागत करने लोगों ने अपने-अपने स्तर पर तैयारियां कर रखे थे। शहर के गली-मोहल्लों में युवाओं की टोली नए साल के जश्न के लिए डीजे की व्यवस्था की थी जो देर शाम से ही डीजे के धुन से थिरकते नजर आए। शहर के लगभग प्रायः सभी होटलों में नए साल के जश्न के लिए बुक कर लिया गया था जहां देर रात तक नए वर्ष का कार्यक्रम चलता रहा। रात 12 बजे के बाद लोग नए साल का स्वागत आतिशबाजी के साथ केक काटकर किया। जिसके बाद लोगों ने एक दूसरे को नए साल के आगमन पर बधाइयां दी। नए साल की बधाइयां का दौर आज पूरे दिन चलता रहा।

साल के पहले दिन सभी समुदाय के लोगों ने मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा पहुंचे जहां विधि-विधान से पूजा अर्चना कर दिन की शुरुआत किया।

### पिकनिक स्थल व पार्क में उमड़ी लोगों

नए साल पर आज लोगों ने अपने परिवार व दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे। शहर के संजय पार्क, वाटर पार्क, सेनेटरी पार्क, ऑक्सीजन पार्क में लोगों की काफी भीड़ देखी गई। लोग अपने साथ लाए व्यंजनों का लुत्फ उठाते देखे गए तो वहीं बच्चों ने झूला का भरपूर आनंद लिया। इसके अलावा शहर से लगे बाकी बांध, घुनघुट्टा बांध सहित सभी पिकनिक स्थलों पर भी लोग परिवार के साथ बड़ी संख्या में पिकनिक मनाने पहुंचे।

#### जाम से बढ़ी परेशानी

शहर के संजय पार्क व वाटर पार्क में लोग चार पहिया व बाइक से बड़ी संख्या में पहुंचे थे। वाहनों के सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़ा कर देने से मार्ग में हर पल जाम की स्थिति बनती रही। हालांकि यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी परंतु वाहनों के ज्यादा होने से यातायात बहाल करने उनके पसीने छूटने लगे।

#### जगह-जगह तैनात रहे पुलिसकर्मी

शहर के सभी चौक चौराहों पर असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने 31 दिसम्बर की रात से चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती की गई थी जो रात से हुड़दंग कारियों पर नजर रखे थे। अलावा बांध के आसपास पुलिस व तैराक की व्यवस्था की गई थी।

## हवन-पूजन कर किया गया नववर्ष का स्वागत

# महामाया मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर


अखण्ड रामाण पाठ करते श्रद्धालु।

नारायण मानस मण्डली द्वारा नववर्ष पर महामाया मंदिर में आयोजित राम चरित मानस के अखण्ड पाठ का समापन किया गया रामायण पाठ के बाद सुखद भविष्य की कामना लेकर सदस्यों ने हवन-पूजन किया। इस दौरान सदस्यों ने आकर्षक भजनों की प्रस्तुति दी।

शिक्षक नारायण सिंह ने लोगों को धर्म के प्रति उन्मुख करने दशकों पूर्व रामायण पाठ की शुरूआत की थी। उन्होंने आस्थावान युवाओं की एक मण्डली बनाई थी जो लोगों की रूचि के अनुसार छुट्टी के समय निःस्वार्थ भाव से सुन्दरकाण्ड एवं अखण्ड रामायण का आकर्षक पाठ करते थे। शिक्षक श्री सिंह ने रामायण के प्रति ऐसी अलख जगाई कि युवाओं एवं शासकीय कर्मचारियों की एक बड़ी समर्पित मण्डली तैयार हो गई तथा मण्डली के सदस्य गांव से लेकर शहर तक रामायण की चौपाइयों का पाठ करने लगे। मण्डली द्वारा 25 वर्ष पूर्व नववर्ष के अवसर पर महामाया मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ करने की शुरूआत की गई। मण्डली के सदस्य निर्वाध रूप से हर साल रामायण पाठ कर रहे हैं। साल के अंतिम दिन मण्डली के सदस्य विधि विधान से पूजा-अर्चना उपरांत रामायण पाठ प्रारम्भ करते हैं तथा नववर्ष पर रामायण पाठ पूर्ण होने पर हवन एवं भंडारा किया जाता है। रामायण पाठ में भागीदारी करने दूर-दूर से सदस्य पहुंचते हैं तथा दिन-रात आयोजन में जुटे रहते हैं। सोमवार को दोपहर 12 बजे रामायण पाठ का समापन किया गया। इसके बाद सदस्यों ने सुखद भविष्य के लिए हवन पूजन किया तथा आकर्षक भजनों की प्रस्तुति दी। नववर्ष पर शाम तक भण्डारे का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान बालकेश्वर गुप्ता, प्रवीण झा, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, गजाधर, स्वामीनाथन दुबे उपाध्यक्ष, छोटकू उपाध्याय, रमेश बंसल, भानु सिंह, बनाऊर सिंह, नंदकिशोर गुप्ता, मधुसुदन सोनी, सर्वानंद दुबे, विनय सिंह सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत कलश के साथ निकाली गई शोभायात्रा



**रामानुजगंज।** ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत कलश के साथ निकाली गई। शोभायात्रा अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण जोरो से किया जा रहा है। अगले महीने 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने वाला है। रामानुजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में भी खासा उत्साह है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लोगों को आमंत्रित करने के लिए अक्षत कलश पहुंचा है। रामानुजगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत केरवा शीला, आरागाही सहित कई गांवों में अक्षत कलश के साथ शोभायात्रा निकाली गई। अक्षत कलश को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। अयोध्या से आए अक्षत कलश का वितरण ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया। अक्षत कलश शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

# खेलते समय आठ माह का बच्चा निगल गया नारियल का टुकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- गले में फंसे नारियल को डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर निकाला बाहर

आठ माह के बच्चे में फंसे हुए नारियल टुकड़े को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ऑपरेशन कर बाहर निकाला गया। ऑपरेशन के बाद बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है और उसे डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के जयनगर निवासी रामदेव के आठ माह का पुत्र आदित्य 29 दिसंबर को खलेते समय जमीन पर पड़े हुए नारियल के टुकड़े को निगल गया था। नारियल का टुकड़ा बच्चे के गले में जानकर फंस गया था जिससे बच्चे को स्वांस लेने में तकलीफ हो रही थी। आनन फानन में बच्चे को परिजन मिशन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे जहां डॉक्टरों ने बच्चे की स्थिति देखकर अपने हाथ खड़े कर दिए। ऐसे में बच्चे को राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया गया था। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों द्वारा बच्चे का एक्सरे किया गया और गले में नारियल का टुकड़ा फंसे होने की पुष्टि के बाद ईएनटी विभाग के एचओडी डॉ. बीआर सिंह के नेतृत्व में डॉ. अनुपम मिंज, डॉ. उषा, डॉ. शिवानी भगत, डॉ. प्रिंसी, डॉ. सयक के जनरल सर्जन व पीडियाट्रिक डॉक्टरों की टीम द्वारा बच्चे का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान बच्चे के गले में फंसे हुए नारियल के टुकड़े को बाहर निकाला गया। ऑपरेशन के बाद बच्चे को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है और फिलहाल बच्चे की हालत सामान्य बताई जा रही है।



## पिकनिक मनाने गए युवक की डूबने से मौत

**वाड्रफनगर।** नए वर्ष पर सोमवार को पिकनिक मनाने खरखरा नदी गए एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। नए वर्ष पर खरहरा नदी तट पर बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। सोमवार को उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती ग्राम खोतो-महुआ निवासी युवक राजेश कुमार पिता मानसाय भी अपने साथियों के साथ पिकनिक माने पहुंचा था। नदी में नहाने के दौरान युवक अचानक पानी में जा गिरा और डूबने से उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि युवक को मिर्गी का दौरा पड़ता था। नहाने के दौरान उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और वह पानी में गिरकर डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल पीएम के लिए भेजा है। घटना की सूचना मृतक के परिजन को भी दी गई है। मृतक नगर में रहकर मजदूरी का काम करता था।

# मानव सेवा दल के सदस्यों ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर




मानव धर्म के प्रणेता सद्गुरुदेव सतपाल महाराज के प्रेरणा से लगातार कई वर्षों से सफाई अभियान कर स्वच्छता का संदेश देते आ रहे हैं। इसी प्रकार नए वर्ष की शुरुआत में आज छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में एक साथ सफाई अभियान चलाया गया। मानव सेवा दल सूरजपुर द्वारा अग्रसेन चौक एवं पुराना बस स्टैंड प्रांगण की सफाई किया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य स्वच्छता सभापति बाबूलाल ने कहा कि मानव सेवा दल नए वर्ष के शुरुआत में मुख्य शहर में साफ सफाई करके लोगों को अच्छा स्वच्छता का संदेश दिया है। झाड़ू पकड़ कर सफाई करने से अहंकार खत्म हो जाता है अहंकार खत्म होने से हमारे अंदर नम्रता सद्भाव आ जाती है। जिला प्रशिक्षक सेवक राम मानव ने कहा की सफाई अंदर और बाहर दोनों ही आवश्यक है बाहर की सफाई तो हम झाड़ू साबुन के माध्यम से करते हैं किंतु जब तक हमारे मन की सफाई नहीं होगी तब तक सफाई पूर्ण नहीं होगी क्योंकि मन से ही गंदगी फैलती है मन से ही स्वच्छता आती है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है स्वस्थ मन से किया गया हर काम शुभ होता है। इस दौरान महोदर राम, धर्मजीत राजवाड़े, राजू मानिकपुरी, सेवक राम राजवाडे, मोतीलाल सिंह, परमानंद, गणेश राजवाड़े, मुलेश्वर राजवाड़े, खमी राम, महेंद्र, गोवर्धन, झमन राम, बिहारी लाल विश्वकर्मा, अजमेर, रामदीन, खेल साय, मुन्नी रंजन, दूहन राम, बसंत राम, गुलाब राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### बीईओ ने किया पुहपुटरा एवं बिनकरा शाला का निरीक्षण

**लखनपुर।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय ने सोमवार को माध्यामिक शाला पुहपुटरा एवं प्राथमिक शाला बिनकरा का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति मिलने पर उन्होंने प्रधान पाठकों को अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल भेजने के प्रेरित करने निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षक डायरी को तिथि व कक्षावार संधारण करने का निर्देश दिया। माध्यामिक तथा प्राथमिक शाला बिनकरा में मध्यान भोजन में मीनू के अनुसार बच्चों को अंडा नहीं देने की शिकायत पर महिला स्वयं सहायता समूह को कारण बताओ नोटिस जारी किया निर्धारित मीनू के अनुसार मध्यान भोजन का संचालन करने निर्देशित किया। बीईओ श्री राय ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा इसमें समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे और बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करें जिससे रिजल्ट में सुधार हो सके।



## संजयनगर में कार व मोटरसाइकिल में भिड़ंत



**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर सोमवार की सुबह पिलखा ढाबा के पास कार व मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि की खबर नहीं है। जानकारी के अनुसार कांसाबेल निवासी छवि साय पैकरा नए वर्ष के अवसर पर सोमवार की सुबह कार क्रमांक सीजी 14 एमएल 1609 में कुदरगढ़ देवी धाम दर्शन करने जा रहे थे। तभी एनएच 43 पर जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत संजयनगर में स्थित पिलखा ढाबा के सामने बिश्रामपुर की ओर से अंबिकापुर की तरफ जा रहे पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीपी 3082 के चालक को कार चालक ने विपरीत दिशा से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार के सामने का हिस्सा व मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई है। बाइक सवार दोनों युवकों को मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि बाइक सवार के जेब से पुलिस को वाहन के कागजात मिले हैं, उसमें मोटरसाइकिल वाहन मालिक का नाम अंबिकापुर केदारपुर गुरुघासीदास वार्ड निवासी बलराम चौधरी पिता बघोलन चौधरी अंकित है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त कार सवार सूरजपुर सीएसपी के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं, जो दुर्घटना उपरांत अन्य वाहन से वापस अंबिकापुर लौट गए हैं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# नए साल में पूजा-अर्चना कर अमेरा खदान से कोयला उत्पादन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर



नया साल में क्षेत्र के लिए एक और राहत भरी खबर है,सोमवार को वर्ष के प्रथम दिवस एसईसीएल

- भूमि का आधिपत्य नहीं मिल पाने के कारण पिछले छह वर्ष से बंद पड़ी थी अमेरा खदान
- एसईसीएल महाप्रबंधक अजय तिवारी ने कोयला लोड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बिश्रामपुर क्षेत्र के अमेरा खुली खदान परियोजना से कोयला उत्पादन कार्य प्रारंभ कर लिया गया है।बता दें की उक्त परियोजना में कंपनी द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि का आधिपत्य नहीं मिल पाने से पिछले करीब छह वर्षो से बंद पड़ी थी।अभी हाल ही में कुछ जमीन के हिस्से का निपटारा होने के बाद यहां ठेकेदार द्वारा ओबी हटाने का कार्य आरंभ किया गया था पिछले दिनों खदान में ब्लास्टिंग के बाद यहां नए वर्ष के प्रथम दिवस कोयला उत्पादन का कार्य आरंभ किया गया है।अब लंबे समय बाद खदान से कोयला उत्पादन आरंभ करने के लिए क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी के मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन समारोह का आयोजन कर विधिवत पूजा अर्चना कर खदान से कोयला उत्पादन आरंभ कराया गया।एस ई सी एल जीएम ने इस दौरान कोयला लोड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया।इस अवसर पर जीएम तिवारी ने इसे क्षेत्र की उपलब्धि बताया और कहा कि खदान निरंतर चले इसके लिए हम विशेष कार्ययोजना बना कर हरसंभव कार्य करेंगे।उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कोयला उत्पादन तेज करने को एक सामूहिक प्रयास की बात कही।इस दौरान क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन संजय सिंह,अमेरा सहक्षेत्र प्रबंधक महेश कुमार चौधरी ,खदान के मैनेजर सहित अन्य परियोजना के प्रबंधक ,एचओडी,सहित कंपनी व एरिया जेसीसी,वेलफेयर के सदस्य, कर्मचारी व ठेका कंपनी के कामगार उपस्थित थे।

#### 16 मिलियन टन है कोयले का भंडार

सरगुजा जिले के लखनपुर ब्लॉक में संचालित अमेरा खुली खदान सन 1997-98 में खोलने की प्रक्रिया आरंभ की गई थी।क्षेत्र के इस परियोजना की दूरी अंबिकापुर होते 57 किलोमीटर के करीब है।परियोजना के आरंभ में एसईसीएल द्वारा भारत सरकार के कोल बेयरिंग एक्ट के तहत 644 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया था जिसमें कि 51 हेक्टेयर वन भूमि शामिल थी।वर्ष 2006 में आरंभ हो जाने वाली इस परियोजना में ग्रामीणों के अड़ंगे के कारण लंबे समय बाद 2011 में यहां से कोयला उत्पादन आरंभ हो सका।यहां गत 2017 तक कोयला उत्पादन चला जिसके बाद भूमि अधिग्रहण क्लियर होने के आभाव में उक्त परियोजना बंद पड़ी हुई थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि: स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पेन्द्र नायक गैस्ट्रोसर्जन
छग के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष चौरसिया एम. सी. एच. न्यूरोसर्जन
रायपुर के सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ. बी बी कुमार MBBS, MD (Medicine) Rheumatology
छग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
रायपुर के सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. निहार गुप्ता MBBS, MD FICH Hematologist
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छग के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशु शेखर MBBS, MS (Orthopaedic)
चर्मरोग, गुप्तरोग, कुष्ठ रोग, बालों एवं त्वचा शल्य चिकित्सक डॉ. निश्चल श्रीवास्तव MD, Dermatology, Venereology & Leprology
छग के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. आशु जैन MS, MCH, FHU, Neurosurgery
07 जनवरी 2024 प्रत्येक माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध